**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
**(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भाराराप्रा) निम्नलिखित पद की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | विज्ञापित पद की संख्या* | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रबंधक (राजभाषा) | 01 (एक) | प्रतिनियुक्ति |

*पदों की संख्या में वृद्धि या कमी हो सकती है।

**पात्रता की शर्तों का विवरण**

| क्र. सं. | पद का नाम | विज्ञापित पद की संख्या | पद का वर्गीकरण | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन | भर्ती का तरीका | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | **प्रबंधक (राजभाषा)** | 01(एक) | समूह-क | वेतन बैंड -3- 15,600-39,100 रु 6600/- ग्रेड वेतन सहित (सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल 11 के समकक्ष) | प्रतिनियुक्ति | प्रतिनियुक्ति : आयु 56 वर्ष |
| | **शैक्षिक अर्हता एवं अपेक्षित अनुभव** | | | **प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती के मामले में जिस ग्रेड से भर्ती किया जाना है** | | |
| | 7 | | | 8 | | |
| | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव:**<br>**(**1)किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य और स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी;<br>**अथवा**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य और स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी;<br>**अथवा**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि और स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी तथा अंग्रेजी; | | | केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्रों/विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान केन्द्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /अर्ध सरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों तथा अन्य सरकारी निकायों के अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों से **प्रतिनियुक्ति के माध्यम** से :<br>i जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर वेतन बैंड -3 (15,600-39,100 रु 6600/- ग्रेड वेतन सहित(केंद्रीय महंगाई भत्ता पद्धति में सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल 11 के समकक्ष) में या औद्योगिक महंगाई भत्ता पद्धति में समकक्ष वेतन मान पर सदृश पद पर कार्यरत हों;<br>**अथवा**<br>(ii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के बाद वेतन बैंड -3 (15600-39100 रु.) 5400/- ग्रेड वेतन सहित (केंद्रीय महंगाई भत्ता पद्धति में सातवें वेतन आयोग के | | |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर उपाधि और स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी।<br><br>**वांछनीय:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य स्तर पर हिंदी से भिन्न संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित किसी एक भाषा का ज्ञान ।<br>**या**<br>(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद और विलोमत: में उपाधि या डिप्लोमा ।<br><br>**अनिवार्य अनुभव:**<br>हिंदी में शब्दावली (पारिभाषिक शब्दावली) का प्रयोग करने/कार्य करने का और अंग्रेजी से हिंदी तथा विलोमत: अनुवाद विशेषकर तकनीकी और वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद कार्य का आठ वर्ष का अनुभव । | अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल 10 के समकक्ष) या औद्योगिक महंगाई भत्ता पद्धति में इसी वेतनमान के समकक्ष पदों पर नियमित आधार पर **चार साल** की सेवा कर चुके हों;<br>**अथवा**<br>(iii) जो अपने मूल संवर्ग/विभाग में नियुक्ति के बाद वेतन बैंड -2 (9300-34800 रु.) 4800/- ग्रेड वेतन सहित (केंद्रीय महंगाई भत्ता पद्धति में सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल 8 के समकक्ष) या औद्योगिक महंगाई भत्ता पद्धति में इसी वेतनमान के समकक्ष पदों पर नियमित आधार पर **सात साल** की सेवा कर चुके हों;<br>**और**<br>जो कॉलम 7 में निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता तथा आवश्यक अनुभव रखते हों ।<br><br>**प्रतिनियुक्ति की अवधि**<br>इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी या अन्य किसी बाह्य संवर्ग संगठन /विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष की होगी जिसे अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति की अवधि को 5 वर्ष के पश्चात 10 वर्ष तक की अवधि के लिए संतोषजनक निष्पादन की शर्त पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुमोदन से बढ़ाया जा सकता है । |

## महत्वपूर्ण तिथियां

| | |
|---|---|
| **आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रारंभिक तिथि** | 27.10.2022 (10.00 पूर्वाह्न) |
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** | 12.12.2022 (6.00 अपराह्न) |
| **आवेदक के मूल विभाग के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा विधिवत जारी 'सत्यापन प्रमाणपत्र' के साथ आवेदक के मूल विभाग से ऑनलाइन आवेदन (आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) का प्रिंट-आउट प्राप्त करने की अंतिम तिथि और इसके बाद आवेदक के आवेदन में शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यताओं और सेवा विवरण (पद धारण, पद की प्रकृति, वेतन विवरण, और निष्पादित कार्य की प्रकृति, अनुभव, आदि) के संबंध में प्रविष्टियों का सत्यापन।** | चयन समिति की बैठक से 02 दिन पहले या उससे पहले |

**<u>महत्वपूर्ण अनुदेश :</u>**

पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवार निम्नलिखित को नोट करें: -

1. ये अखिल भारतीय सेवा दायित्व के पद हैं अत: केवल वे उम्मीदवार आवेदन करें जो भारत में कहीं भी सेवा करने के इच्छुक हैं ।
2. विज्ञापन में दिए पद के संदर्भ में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में उम्मीदवारी वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि उम्मीदवार भाराराप्रा द्वारा चयन किया जाता है तो उसे नियुक्ति को अस्वीकार नहीं करना चाहिए। यदि वह नियुक्ति को अस्वीकार करता है तो नियुक्ति प्रस्ताव को रद्द करने की तारीख से दो साल की अवधि तक भाराराप्रा द्वारा उसकी उम्मीदवारी आगे किसी भी नियुक्ति हेतु स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. प्रतिनियुक्ति आधार पर चयन के मामले में उम्मीदवार जिनकी आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर 56 वर्ष हैं केवल वे ही आवेदन करें। जो उम्मीदवार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के दो वर्ष के भीतर मूल कैडर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं वे आवेदन न करे ।
4. एनएचएआई के आंतरिक/नियमित अधिकारी, जो आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को विज्ञापन/विनियमों में निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। यदि उनका चयन हो जाता है तो उनकी नियुक्ति पदोन्नति के आधार पर होगी। तदनुसार, एनएचएआई के आंतरिक/नियमित अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, उनपर प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त कार्मिक भी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।
5. प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसमें कि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी या अन्य संगठन के किसी बाह्य संवर्ग पद हेतु प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित आमतौर पर 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
6. (i) अनुसूचित जाति /जनजाति/अल्पसंख्यक समुदाय /महिला उम्मीदवारों / बेंचमार्क दिव्यांगजनों का विशेष स्वागत है और उन्हें आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

   (ii) बेंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) संबंधित पदों पर आवेदन कर सकते हैं, भले ही रिक्त स्थान उनके लिए आरक्षित न हो परंतु वे इस पद हेतु उपयुक्त पाए गए हों हालांकि, ऐसे आवेदकों को ऐसे पद हेतु चयन के लिए योग्यता के सामान्य मानक के आधार पर विचार किया जाएगा। कम से कम 40% प्रासंगिक दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्ति ही नियमों के तहत अनुमत आरक्षण और अन्य छूट के लाभ के लिए पात्र होंगे। इस प्रकार, शारीरिक रूप से दिव्यांग (पीएच) व्यक्ति नियमों के तहत अनुमत आरक्षण और अन्य रियायतों और छूटों का लाभ तभी उठा सकते हैं जब शारीरिक अक्षमता का स्तर 40% या उससे अधिक हो और पद पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त हों।
7. पात्रता निर्धारण के लिए महत्वपूर्ण तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की निर्धारित अंतिम तिथि होगी।
8. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में काम करने वाले आवेदक विज्ञापन के साथ संलग्न वेतन संरचना (सीडीए बनाम आईडीए और सीडीए बनाम सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच) की समकक्षता के संबंध में एनएचएआई परिपत्रों का संदर्भ ले सकते हैं।
9. किसी भी प्रकार से प्रभाव डालना या डलवाना उम्मीदवारी को रद्द कर देगा ।

10. इस विज्ञापन को सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधिकार से किसी भी समय कारण बताए बिना वापिस लिया जा सकता है ।

**<u>आवेदन का तरीका</u>**

11. आवेदक केवल ऑनलाईन ही आवेदन कर सकते हैं । आवेदन करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया नीचे दी गई है :

(i) आवेदक भाराराप्रा की वेबसाइट www.nhai.gov.in पर जाकर लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह लिंक google chrome या mozila fire fox पर उपलब्ध है ।

(ii) टैब पर क्लिक करे हमारे बारे में -रिक्तियां - वर्तमान । संबंधित भर्ती विज्ञापन पर क्लिक करें और फिर - ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक करें ।

(iii) एक बार जब आप "आवेदन/एपलाई" सिस्टम पर क्लिक करते हैं तो आपको एनएचएआई पोर्टल पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा।

(iv) नीचे दी गई जानकारी के साथ पंजीकरण करें

1. यूजर आईडी (यूजर आईडी कुछ भी हो सकता है)
2. पासवर्ड बनाएं
3. नाम
4. फोन नंबर
5. ईमेल आईडी
6. आधार कार्ड संख्या

(v) एक बार जब आप उपरोक्त सभी विवरण दर्ज कर लेते हैं, तो यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ सिस्टम में लॉगिन करें।

(vi) पोर्टल के दो खंड हैं,

1. आवेदन पत्र
2. जिस पद के लिए आप आवेदन करना चाहते हैं

(vii) पूरा आवेदन भरें

1. प्रपत्र में सभी फ़ील्ड अनिवार्य फ़ील्ड हैं।
2. आवेदन पत्र भरने के बाद, आपके द्वारा भरी गई सभी जानकारी सही है या नहीं, यह जांचने के लिए 'पूर्वावलोकन/प्रीवियू' बटन पर क्लिक करें।
3. यदि आप दिए गए प्रपत्र में कोई डेटा बदलना चाहते हैं, तो उसे बदल दें।
4. सब कुछ सटीक भरे जाने के बाद ही 'सेव' बटन पर क्लिक करें।
5. डॉक्यूमेंट को सेव करने के बाद ही पद के लिए 'एप्लाई/आवेदन' करें।

(viii) दस्तावेज़ को सेव करने के बाद, पद के लिए आवेदन करें।

1. पद का चयन करें और 'अपना आवेदन जमा करें' बटन पर क्लिक करें।
2. यदि आप पद के लिए आवेदन नहीं करते हैं तो आपकी प्रोफ़ाइल किसी भी पद के तहत प्रदर्शित नहीं होगी,
3. एक बार जब आप 'अपना आवेदन जमा करें' बटन पर क्लिक करते हैं, तो सिस्टम आपको अगली स्क्रीन पर ले जाएगा, जहां आप 'संदर्भ संख्या' देख सकते हैं और आपके पास फॉर्म डाउनलोड करने का विकल्प भी होगा।

(ix) फॉर्म भरें और रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ, डिजिटल हस्ताक्षर, अनिवार्य शैक्षिक /

व्यावसायिक योग्यता (ओं), पदोन्नति / नियुक्ति आदेश (ओं) की स्कैन की गई सभी प्रति केवल 'jpg/'jpeg' या 'png' या 'में' gif' 'pdf' इमेज प्रकार में जो कि 1 एमबी से अधिक न हो संलग्न कर अपलोड करें।

(x) जिन फील्ड में आपको अपना शैक्षिक और अनुभव का विवरण जोड़ने की आवश्यकता है, दिए गए बॉक्स में विवरण जोड़ें और सभी डेटा जोड़ने के बाद, सूची में जोड़ने के लिए क्लिक करें। एक बार जब आप इसे सूची में जोड़ लेते हैं, तो आप नीचे दी गई तालिका में विवरण देख सकते हैं।

(xi) अपनी जन्मतिथि और सेवानिवृत्ति की आयु दर्ज करने के बाद, एंटर बटन दबाएं। एक बार जब आप एंटर बटन दबाते हैं, तो सिस्टम स्वतः गणना करेगा और अगली पंक्ति में इसे दिखाएगा।

(xii) ऑनलाइन आवेदन **12.12.2022 (06:00 बजे अपराह्न**) तक जमा किया जा सकता है।

(xiii) ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद, आवेदक द्वारा दर्ज किए गए विवरण के साथ उसका 'पीडीएफ' प्रारूप तैयार किया जाएगा। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट लेकर और उसे अपने मूल विभाग द्वारा निर्धारित 'सत्यापन प्रमाणपत्र' और एपीएआर/एसीआर की प्रमाणित प्रति के साथ अग्रेषित कराना चाहिए। आवेदन अग्रेषित करते समय संबंधित विभाग/संगठन को:

(क) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, गैर-शास्ति प्रमाण पत्र और सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र जो प्रमाणित करता हो कि अधिकारी के खिलाफ पिछले दस वर्षों में कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है इसके सहित पिछले पांच (05) वर्षों का अधिकारी के कार्य और आचरण के संबंध में प्रमाण पत्र / एपीएआर / एसीआर का सार / वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट /वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें ।

(ख) प्रमाणित करें कि आवेदक द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन में शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता (ओं), प्रासंगिक अनुभव और वेतन विवरण आदि के विवरण सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित किए गए हैं और सत्य, सही और पूर्ण हैं।

12. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे पद (पदों) के लिए उल्लिखित पात्रता मानदंड और अनुभव के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र को ध्यान से भरें। किसी अन्य मोड/प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन, विशेष रूप से वेतनमान विवरण रहित होने पर, बिना किसी सूचना के खारिज कर दिया जाएगा। यह ध्यान दिया जाए कि बाद की तारीख में जॉब प्रोफाइल / अनुभव आदि के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

13. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना अग्रिम रूप से ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा करें और यह भी सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट अपेक्षित दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय के भीतर उनके मूल विभागों के माध्यम से अग्रेषित किया जाए।

14. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसा न करने पर आवेदन में दर्शाए गए प्रथम पद के लिए ही आवेदन पर विचार किया जाएगा।

15. आवेदक के मूल विभाग द्वारा निर्धारित 'सत्यापन प्रमाणपत्र' और पिछले पांच (05) वर्षों के एपीएआर/एसीआर की फोटोकॉपी के साथ ऑनलाइन आवेदन का विधिवत रूप से भरा हुआ प्रिंट-आउट, एनएचएआई के निम्नलिखित पते पर अग्रेषित करें जो कि **चयन समिति की बैठक से 02 दिन पहले या उससे पहले।**

**उप महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशा.)-।ए**
**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
**प्लाट जी-5 और 6, सेक्टर -10**
**द्वारका, नई दिल्ली-110075**

16. इस विज्ञापन से संबंधित 'शुद्धिपत्र' या 'अनुशेष' या 'निरस्तिकरण', यदि कोई हो, तो इसे केवल एनएचएआई की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और इसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

******